सीबीएसई/मीडिया व जन-सम्पर्क/2024/ दिनांक: 10.06.2024

सीबीएसई से संबंधित भ्रामक जानकारी फैलाए जाने पर सलाह

यह संज्ञान में आया है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्र, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित सूचनाएँ परिचालित कर रहे हैं। ये लिंक और सूचनाएँ /समाचार सत्र 2024-25 के लिए नवीनतम / अद्यतन जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं।

जनहित में, यह दृढ़तापूर्वक अवगत किया जाता है कि अप्राधिकृत स्रोतों से प्राप्त जानकारी भ्रामक हो सकती है जो स्कूलों, छात्रों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों के बीच अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा कर सकती है।

सीबीएसई से संबंधित प्रामाणिक और नवीनतम जानकारी के लिए केवल सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट को देखने की सलाह दी जाती है। बोर्ड की मुख्य आधिकारिक वेबसाइट यह है:
CBSE Official Website (https://www.cbse.gov.in/)

इसके अतिरिक्त, सीबीएसई से जुड़े विभिन्न पहलुओं से संबंधित घोषणाओं, परिपत्रों, सूचना-पत्रों, सरकारी पहल व विशिष्ट जानकारी आदि के लिए निम्नलिखित आधिकारिक वेबसाइट/माइक्रोसाइट देखी जा सकती हैं:

1. **CBSE Academic** (https://www.cbseacademic.nic.in/)- शैक्षणिक और कौशल शिक्षा, जिसमें नमूना प्रश्न पत्र, विषय, पाठ्यक्रम और संबंधित संसाधन/स्रोत, प्रकाशन, कार्यक्रम, सफल आदि की जानकारी उपलब्ध है।
2. **CBSE Results** (https://results.cbse.nic.in/)- सीबीएसई परीक्षा परिणाम
3. **CTET** (https://ctet.nic.in/)- केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा
4. **PRASHIKSHAN TRIVENI** (https://cbseit.in/cbse/2022/ET/frmListing) - प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियाँ
5. **CBSE SARAS** (https://saras.cbse.gov.in/SARAS) - एकीकृत ई-संबद्धता प्रणाली
6. **PARIKSHA SANGAM** (https://parikshasangam.cbse.gov.in/ps/) - परीक्षा संबंधी गतिविधियाँ

सभी संबंधित से अनुरोध है कि वे सही और अद्यतन जानकारी के लिए केवल इन आधिकारिक स्रोतों पर ही विश्वास करें।

आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

हस्ता/-
सचिव, सीबीएसई